भोपाल, सीहोर इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक

सच एक्सप्रेस

जनता की बुलंद आवाज

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-13 || अंक- 278 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || बुधवार 19 फरवरी || 2025

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम 21 को

पेज 3 घुमवाम से मनी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

पेज 4 शिक्षा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है

पेज 6 सदाबहार गीतों की शाम ने बांधा समां

पेज 7 दिल्ली और नर्मदापुरम ने जीते मैच

सराफा बाजार का आज का भाव

19/2/2025 बुधवार 01:20PM

डालर $ 86.91

GOLD LIVE - 86240

हालमार्क ज्वैलरी रेट

24 KT-89140 ब्रेड

23 KT-85400

22 KT-82100

20 KT-74900

18 KT-67800

14 KT-52100

Silver Live - 97000

चांदी हाजिर 999-99830

AAG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)

सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल

Condition Apply

सच-संक्षेप

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने संभाला पदभार

नई दिल्ली। नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार सुबह अपना पदभार संभाल लिया। इससे पहले उन्हें सोमवार को नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। ज्ञानेश कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा। इसके कुछ दिन बाद ही निर्वाचन आयोग अगले लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। कानून के मुताबिक, मुख्य निर्वाचन आयुक्त या निर्वाचन आयुक्त 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं या फिर छह वर्ष के लिए आयोग में रह सकते हैं।

सुरेश के रेड्डी होंगे मिस्र में भारत के अगले राजदूत

नई दिल्ली। वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी सुरेश के रेड्डी को मिस्र में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, 1991 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी रेड्डी वर्तमान में ब्राजील में बतौर भारत के राजदूत सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने 13 सितंबर 2020 को यह पदभार ग्रहण किया था। उम्मीद है कि वह शीघ्र ही नया कार्यभार संभालेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी जाएंगे बागेश्वर धाम

छतरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम जाएंगे। मंदिर में दर्शन के बाद प्रधानमंत्री एक कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे। जबकि, एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अगले सप्ताह 26 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुंचेंगी। छतरपुर के जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के दौरों को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

असम में 14 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में 14 करोड़ रुपये की हेरोइन और यावा की गोलियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, रामप्रसादपुर में बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं का भंडाफोड़ हुआ है। धोलाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक वाहन को रोका। गहन तलाशी के दौरान उसमें 40,000 यावा की गोलियां और 260 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसकी बाजार में कीमत 14 करोड़ रुपये है। अभियान के दौरान एक संदिग्ध ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

पांच राज्यों को अतिरिक्त सहायता

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, अचानक आई बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। कुल 1554.99 करोड़ रुपये में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

जियो पॉलिटिकल टेंशन का असर भारत पर

सोना 90 हजारी के पास चांदी होगी लखटकिया

एजेंसी || नई दिल्ली

सोना और चांदी आज अपने ऑलटाईम हाई पर पहुंच गए है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई है। पिछले कुछ माह में ही सोने की कीमत में 10 हजार रुपए से अधिक प्रति दस ग्राम की बढ़ोत्तरी हुई है। डालर के मुकाबले लगातार रुपए कमजोर होने से सोना महंगा हो रहा है। इधर देश में महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ने से लोग अब गोल्ड में निवेश कर रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट ब्रेड सोना आज बढ़कर 89.140 पर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे हाई रेट है। उधर चांदी भी अपनी चमक बनाए हुए है और 99 हजार 151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। सोना कारोबारियों के अनुसार किसी भी दिन सोना 90 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम को छु लेगा। वहीं चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलो मिलने लगेगी।

होलाष्टक से पहले सोने ने बढ़ाई टेंशन

सोना और चांदी के भावों में बढ़ोतरी का दौर जारी है। कल दोनों के भावों में मिलाजुला असर के बाद इनमें फिर उछाल आया है। ज्वैलर्स योगेश सोनी ने बताया कि अभी बाजार में सोना और चांदी की मांग अधिक है। यही, कारण है दोनों कीमती धातुओं के भाव लगातार बदल रहे हैं। वेडिंग सीजन और अंतराष्ट्रीय बाजार में सोना सुरक्षित निवेश होने के कारण लगातार इसकी मांग बनी हुई है। इस कारण सोना अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। आगामी दिनों में सोना और चांदी के भावों में बढ़ोतरी की संभावना है। ज्वैलर्स योगेश सोनी ने बताया कि 7 मार्च से होलाष्टक शुरू होने वाला है। इसका कारण कुछ दिन तक शादी और मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लगेगा। ऐसे में इससे पहले दोनों कीमती धातुओं के भावों में तहत के आसार नहीं हैं।

गहनों के भाव बढ़ेंगे

एक्सपर्ट के अनुसार आगामी दिनों में सोना और चांदी के भावों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। शादियों का वेडिंग और सुरक्षित निवेश के चलते बाजार में गहनों की भारी डिमांड है। ऐसे में अनुमान है कि अभी केवल दोनों कीमती धातुओं के भाव बढ़ेंगे। अगर पिछले सीजन की तरह इस बार भी चांदी की मांग अधिक रही तो चांदी एक लाख रुपये पार जा सकती है।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का विवादास्पद बयान

कांग्रेस को रेत चोर और शराब माफिया घोषित किया

सच संवाददाता ॥ मंडला। बीजेपी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने दिए एक विवादास्पद बयान से हंगामा खड़ा कर दिया। मंडला से बीजेपी सांसद कुलस्ते ने कांग्रेस को रेत चोर और शराब माफिया करार दिया। सांसद मंडला को युवक कांग्रेस द्वारा उनके निर्वाचन क्षेत्र मे किए प्रदर्शन को लेकर आगबबूला थे। उन्होंने कहा कि अगर मैं वहां होता तो उनके बारह बजा देता। दरअसल, एमपी युवक कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह दर्शन के नेतृत्व में मंडला में प्रदर्शन किया गया था। जिला प्रशासन ने सभा के लिए कोई अनुमति नहीं लेने और कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन करने के लिए युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।बीजेपी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मण्डला में किए गए प्रदर्शन से नाराज थे। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि, मैं होता तो कांग्रेसियों की बारह बजा देता। कांग्रेसियों को रेत चोर ओर शराब माफिया बताते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि कांग्रेसी रेत माफिया और शराब माफिया हैं।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हरियाणा के राज्यपाल बंदारू दत्तात्रेय के आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने राज्यपाल श्री दत्तात्रेय को प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित इन्वेस्टर समिट और 24- 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टरस समिट के संबंध में भी अवगत कराया।

महाकाल मंदिर में दो डिप्टी कलेक्टर सहित 9 अधिकारी नियुक्त

उज्जैन। महाकाल मंदिर में बिगड़ती व्यवस्था और आए दिन भस्म आरती में प्रवेश को लेकर हो रहे फर्जीवाड़े और विवाद की खबरें सामने आती हैं। इसे देखते हुए आईपीएस अधिकारी को मंदिर प्रशासक बनाने के बाद अब दो डिप्टी कलेक्टर सहित दो नायब तहसीलदार और 5 अन्य अधिकारियों को महाकाल मंदिर में नियुक्त किया गया है।कलेक्टर कार्यालय से करीब चार दिन पहले जारी ऑर्डर के बाद अब मंदिर की व्यवस्था सुधारने के लिए दो डिप्टी कलेक्टर शिम्मी यादव, एस एन सोनी, नायब तहसीलदार हिमांशु खरपेंटर, आशीष पालवड़िया, परिवीक्षा अधिकारी अरुण शर्मा, एडीपीसी गिरीश हिरवी, एटीओ एल्हान मकवाना, उपरांशी एसके पांडे, देवेंद्र परमार को नियुक्त किया गया है।

प्रयागराज महाकुंभ अंतिम बेला में

संगम पर कम हुई भीड़, मुख्तार अब्बास नकवी की पत्नी ने गंगा में लगाई डुबकी

एजेंसी ॥ प्रयागराज। महाकुंभ में सोमवार-मंगलवार की तुलना में आज भीड़ कम है। संगम नोज पर भी ऐसी ही स्थिति है। प्रयागराज शहर में प्रवेश के लिए बनाए गए 7 एंट्री पॉइंट्स पर लंबा जाम नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज महाकुंभ आएंगी। वे संगम में स्नान और गंगा पूजन कर सकती हैं। आज पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी ने संगम में डुबकी लगाई। सुबह 10 बजे तक 49.02 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ अंतिम बेला में पहुंच गया है। अब सिर्फ 7 दिन बचे हैं।

कुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं की कार टकराई मौके पर 3 की मौत

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद नसीरपुर वाला क्षेत्र में बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कुंभ मेले से लौट रही एक कार खड़े वाहन से टकरा गई, जिससे कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ बार्डर पर रोकेटकार सोरेष्ट्री के पास एक बस और ट्रेलर में भिषण टक्कर हो गई। इस टक्कर में बस कंडक्टर की मौत हो गई और कई श्रद्धालु गंभीर घायल हैं।

शाजापुर बाईपास पर कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

शाजापुर (उज्जैन)। आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाजापुर जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम नैनावद के पास देर रात एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही 108 एंबुलेंस की मदद से चारों को जिला अस्पताल में लाया गया। जहां दो को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। और दो घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया। चारों दोस्त की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए बीनागंज से 17 फरवरी को मनावर के लिए निकले थे। मनावर से शादी करके अपने घर बीनागंज लौट रहे थे।

बाघों के लिए छोटा पड़ रहा है जंगल

टाइगरों के लिए खाली कराए जा रहे सिवनी के गांव

सच संवाददाता ॥ छिंदवाड़ा । मध्य प्रदेश देश में टाइगर स्टेट के नाम से भी पहचान रखता है। साल 2022 में हुई गणना के बाद पता चला कि एमपी में 785 बाघ मौजूद हैं। हालांकि बाघों की बढ़ती संख्या के साथ उनके रहने के लिए जगह भी कम पड़ने लगी है। ये बात इसलिए कही जा रही है क्योंकि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में मौजूद पेंच टाइगर रिजर्व में बढ़ती बाघों की संख्या के चलते उनके लिए जंगल छोटा पड़ने लगा है। जिसके चलते बफर जोन का एरिया बढ़ाया जा रहा है। कई गांवों को अभ्यारण्य बनाकर बाघों और जंगली जानवरों के लिए इलाके में बढ़ोतरी करने की तैयारी की जा रही है। पेंच नेशनल पार्क के बफर जोन से लगे वन ग्राम करमाझिरी गांव में 450 एकड़ जमीन है। जहां की आबादी करीब 1000 लोगों की है। पेंच नेशनल पार्क में जानवरों की संख्या अधिक होने की वजह से जानवर गांव में कई बार घुस आते हैं। ग्रामीणों ने सामुहिक चौपाल लगाकर निर्णय लिया है कि जंगल में जानवरों के लिए जगह कम पड़ रही है।

नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न पर 7 कॉलेज छात्र गिरफ्तार

एजेंसी ॥ चेन्नई

एक 17 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न पर सात कॉलेज छात्रों को पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, गिरफ्तार आरोपियों में से एक ने लड़की के साथ सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती की थी और उसे एक घर में मिलने के लिए बुलाया था। उस दौरान उसके अन्य दोस्त मौके पर मौजूद थे, उन्होंने अपराध में साथ दिया। घटना पर दुख जताते हुए अज्ञादमुक के महासचिव के पलानीस्वामी ने कहा कि यह बहुत ही परेशान करने वाला है। स्टालिन मॉडल द्रमुक सरकार के तहत तमिलनाडु महिलाओं के लिए असुरक्षित प्रदेश बन चुका है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट कर गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा, सात छात्रों की ओर से सामूहिक दुष्कर्म की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। एक के बाद महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस के अंधांधुध इस्तेमाल के कारण राज्य के लोगों का व्यवहार जानवरों जैसा हो रहा है।

इंदौर में आग से 7 दुकानें ख़ाक

इंदौर। इंदौर के निपानिया इलाके में बुधवार सुबह आग ने एक के बाद एक करीब 7 दुकानों को चपेट में ले लिया। आग से काफी नुकसान होने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि दुकानों का फर्नीचर, गैरेज में खड़ी एक दर्जन से अधिक बाइक आग की चपेट में आ गई। आग पर काबू पाने के लिए करीब 9 टैंकर से ज्यादा पानी डालना पड़ा। फायर ब्रिगेड के एसआई सुशील दुबे ने बताया कि आग तुलसी नगर इलाके में लगी थी। दो हार्डवेअर, एक मिठाई, एक पूजन सामग्री की दुकान, एक ऑटो गैरेज, एक एल्युमीनियम सेक्शन की दुकान और एक पिज्जा पाइंट पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।यहां लोगों ने दुकानों से आग की लपटे निकलते देख सुबह करीब 4 बजकर 20 मिनट पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी थी।

छात्रों का तनाव दूर करने अब साल में दो बार होगी सीबीएसई की परीक्षा

एजेंसी ॥ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (सीबीएससी) 2020 के तहत विद्यार्थियों को परीक्षाओं के तनाव से दूर करने के मकसद से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव का फैसला किया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं साल में दो बार होगी।

खास बात यह है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा का मसौदा सुझावों के लिए परीक्षा करवमसौदा सुझावों के लिए शिक्षकों, छात्रों, शिक्षाविदों से सुझावों के सार्वजनिक किया जाएगा। इसमें मिले सुझावों पर आगे की रूपरेखा तय होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सीबीएसई ने साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित कराने का प्रेजेंटेशन दिया है। धर्मेंद्र प्रधान ने अपने एक्स% लिखा है, छात्रों के लिए तनाव मुक्त शिक्षण वातावरण बनाना सरकार का एक महत्वपूर्ण फोकस रहा है। परीक्षा सुधार और सुधार इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे एक कदम आगे बढ़ाते हुए, वर्ष में दो बार सीबीएसई परीक्षा आयोजित करने पर सचिव स्कूल शिक्षा, सीबीएसई अध्यक्ष और मंत्रालय और सीबीएसई के अन्य अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

प्रसाद ॥ बाबा बालकनाथ मंदिर में प्रसाद के रूप में चढ़ाए जाने वाले रोट की गुणवत्ता के प्रति बढ़ेगा भक्तों का विश्वास

अब 20 दिन तक ताजा रहेगा दियोटसिद्ध का रोट

एजेंसी ॥ हमीरपुर

दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में प्रसाद के रूप में चढ़ाए जाने वाले रोट की गुणवत्ता की फाइनल रिपोर्ट आ गई है। टेस्टिंग के लिए रखे रोट की शेल्फ लाइफ स्टडी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बाबा का रोट बनाए जाने के बाद 20 दिनों तक खाने की दृष्टि से सुरक्षित रह सकता है। गौरतलब हो कि सोलन स्थित शूलिनी यूनिवर्सिटी की शूलिनी लाइफ साइंस लैब में रोट के सैंपल टैस्टिंग के लिए रखे गए थे।

हालांकि रोट को लेकर दियोटसिद्ध के दुकानदारों द्वारा यह तर्क दिया जाता था कि रोट एक महीने तक खराब नहीं होता बशर्ते उसमें पानी न लगे, लेकिन बाबा का रोट की शेल्फ लाइफ ने सभी तरह के संशय पर विराम लगा दिया है। अब

अगला कार्य रोट की पैकिंग और उस पर अंकित की जाने वाली मैन्युफेक्चिरिंग और एक्सपायरी डेट का रहेगा। ऐसा माना जा रहा है कि रोट की शेल्फ रिपोर्ट से न केवल आस्था के साथ प्रसाद की शुद्धता और गुणवत्ता पर मोहर लगेगी।रोट की गुणवत्ता जाने के लिए व्यापार मंडल दियोटसिद्ध की सहमति से रोट की गुणवत्ता परखने के लिए उसे सोलन स्थिति शूलिनी यूनिवर्सिटी के सहयोग से टेस्टिंग पर रखा गया है। बताते चलें कि सितंबर 2024 में तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद का मामला विवादों में आने के बाद सवाल उठने लगे हैं कि प्रसाद की गुणवत्ता के मानक आखिर क्या तय किए गए हैं और क्या होने चाहिएं। दियोटसिद्ध मंदिर में बाबा को चढ़ाए जाने वाले रोट को लेकर जब पड़ताल की गई तो पाया गया कि फिलहाल विशेष रूप से प्रसाद को चैक करने के कोई फिक्स मानक नहीं हैं।

मंदिर में चढ़ाए जाने वाले रोट के सैंपल की फाइनल रिपोर्ट आ गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार रोट की शेल्फ लाइफ 20 दिन तक है। आने वाले समय में इस रिपोर्ट के आधार पर ही रोट के पैकेट में मैन्युफेक्चरिंग और एक्सपायरी डेट भी मैंशन की जाएगी

» अनिल शर्मा, असिस्टेंट कमिश्नर फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट

दियोटसिद्ध में रोट की 80 दुकानें

दियोटसिद्ध में अपर और लोअर बाजार में लगभग 250 दुकानें हैं, जिनमें से लगभग 80 दुकानों में रोट प्रसाद बनाया जाता है।

250 रुपए किलो दाम

बाबा जी का रोट जो कि आटा, मैदा, डालडा घी या रिफाइंड, चीनी और गुड़ इत्यादि वस्तुओं से बनाया जाता है आसकी कीमत 250 रुपए प्रति किलोग्राम है। प्रति पीस दुकानदार इसे 10 रुपए से लेकर 30 रुपए तक बेचते हैं। देसी घी का रोट केवल ऑर्डर पर बनाते हैं।

सुरक्षा मानकों का ख्याल

व्यापार मंडल प्रधान संजय कुमार के अनुसार प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा रोट को लेकर उठाया गया यह कदम सराहनीय है। खाद्य पदार्थों में सुरक्षा के मानकों का ख्याल रखा जाना आज समय की जरूरत है। रोट 20 दिन तक सुरक्षित रहेगा।

नेपानगर में स्कूल बस पलटी, 19 बच्चे घायल व 4 गंभीर, बस चालक फरार

बुरहानपुर। जिले के नेपानगर थाना क्षेत्र के पलासूर गांव के पास एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बच्चों से भरी कॉन्वेंट स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बुधवार सुबह तेज रफ्तार स्कूल बस असंतुलित होकर केले के खेत में पलट गई, इस हादसे में हादसे में 19 छात्र-छात्राएं घायल हुए हैं, वहीं 4 बच्चों को गंभीर चोट आई हैं। हादसें के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया है। टीआई ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि 15 बच्चों को नेपानगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि 4 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।